Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 19-07-2022 | अंक 289

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से युवक गंभीर, रेफर

चौपारण प्रखंड अंतर्गत सिंघरावा निवासी मंटू कुमार उम्र 22 वर्ष पिता कामेश्वर भुइयां ने घरेलू विवाद में आकर विषपान कर लिया। जिससे वह गंभीर हो गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया।

## आवश्यक सूचना

बरही अनुमंडकीय अस्पताल के डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने बरही अनुमंडल के सभी लोगो से अपील किया है की 18 वर्ष से अधिक उम्र के लोगो के लिए कोविड वैक्सीनेशन का तीसरा डोज ( प्रिकॉशन डोज) बरही अनुमंडलीय अस्पताल में उपलब्ध है। आकर तीसरा डोज ले सकते हैं।

**APEM LIVE**

# जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों के साथ किया बैठक, समय से राशन बाटने का दिया निर्देश

## सक्षम लोग अविलंब राशन कार्ड सरेंडर करे : जिला आपूर्ति पदाधिकारी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**



डीलरों के साथ बैठक करते डीएसओ व अन्य



बैठक में शामिल डीलर

जिला आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने मंगलवार दोपहर को प्रखंड कार्यालय के सभागार में सभी डीलरो के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा की अंत्योदय से जुड़े सभी लाभुको का आधार सीडिंग किया जाना है। जिससे लाभुको को सही रूप से अनाज मिल सके। साथ ही उन्होंने सभी डीलरो को संबोधित करते हुए कहा की जिन लाभुको का आधार एवं बैंक खाता संख्या नही दिया गया है डीलर ऐसे लाभुको का आधार एवं बैंक खाता संख्या लेकर प्रखंड कार्यालय में जमा कराए। वहीं डीलरो को उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा की सक्षम लोग राशन कार्ड को अविलंब जिला प्रशासन को सरेंडर करे ताकि जो जरूरतमंद है उन सभी को राशन कार्ड का लाभ दिया जा सके। यदि सरेंडर नही करते है तो प्रशासन सभी लोगो पर कार्रवाई करेगी और कार्ड रद्द कर खदान का दाम भी वसूला जाएगा। और समय से राशन कार्ड धारियों को उनका राशन मिलना चाहिए। मौके पर बरही एसडीओ पूनम कुजूर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सी. आर. इंदवार, बरही सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी आजाद सिंह, सहायक गोदाम प्रबंधक संजय यादव एवं डीलरो में डोमन पांडेय, संतोष केशरी, चमेली महिला मंडल, संगीता कुमारी,किरण महिला मंडल, आंगन महिला मंडल, चंद्रमुखी महिला मंडल, शारदा महिला मंडल, सुरूजमुखी महिला मंडल, लक्ष्मी महिला मंडल, गुलमोहर महिला मंडल, अमित महिला मंडल पूजा महिला मंडल, ओम महिला मंडल, पार्वती महिला मंडल, नीलम देवी, आगर महिला मंडल, राजेंद्र साव, प्रदीप साव, अब्दुल कयूम, गुलाब महिला मंडल, जयनाथ प्रसाद, लखन राम, अर्जुन राम, बद्री प्रसाद एवं दर्जनों अन्य लोग मौजूद थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## भगवा ध्वज हमे सनातन संस्कृति एवं देश भक्ति की प्रेरणा देता है : गोविन्द राम

### रानीचुवा में आरएसएस की ओर से गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



गुरुपूजन कार्यक्रम में बौद्धिक देते गोविन्द राम

रानीचुवा पंचायत भवन में आरएसएस की ओर से गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया मूर्ति देवी ने किया। मौके पर बतौर गुरु भगवा ध्वज की पूजा अर्चना की गई। आरएसएस के गोविन्द राम एवम चन्दन कुमार ने बौद्धिक देते हुए गुरु पूजन का महत्व से अवगत कराया। गोविन्द राम ने कहा कि जीवन में गुरु की काफी महता है। गुरु बिना ज्ञान संभव नही है। हमारा भगवा ध्वज हमे अपनी धर्म संस्कृति को अछुन्न रखने की प्रेरणा देता है। यह हमें अपनी शक्ति को एहसास कराता है। भगवा ध्वज के समक्ष दण्डवत करने वाला ब्यक्ति सांस्कारिक होते हैं। चन्दन कुमार ने कहा कि आरएसएस हमेशा से अपने देश से प्रेम करने की सिख देता है। आरएसएस हमलोगों में राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र भक्ति एवं राष्ट्र सुरक्षा के लिए प्रेरणा देता है। दोनो ने सभी लोगो को अपनी सनातन संस्कृति की जानकारी दी। मौके पर भारतीय जनता पार्टी के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के बरही प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र टुडू , रामचंद्र तुरी, मुना तुरी, बैजनाथ तुरी,दशरथ करमाली,लखन यादव , मुकेश यादव, हेमराज यादव, विकास यादव ,बासदेव यादव, बिहारी यादव, कंचन करमाली , जागेश्वर करमाली,चरखू तुरी, अजय साव ,प्रमेशवर यादव , रामप्रसाद यादव,विनय तुरी, सुरेश तुरी,मंटू पंडित ,मगर तुरी , छोटेलाल बासके ,सुगन तुरी आदि लोग मौजूद रहे।

## बरही के विकास को लेकर तीनो जीप सदस्य ने की बीडीओ एव सीओ के साथ बैठक

### विकास योजनाओं को धरातल पर उतारने का निर्णय, दलाली एवं बिचौलियागिरी बन्द करने का निर्देश

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बीडीओ सीओ के साथ बैठक करते तीनो जीप सदस्य

बरही के तीनों नव निर्वाचित जिला परिषद सदस्यों ने बरही के विकास को लेकर मंगलवार को प्रखंड कार्यालय बरही में जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव की अध्यक्षता में बीडीओ एव सीओ के साथ बैठक की। बरही पश्चिमी जिला परिषद सदस्य प्रीति गुप्ता, बरही मध्य भाग के जिला परिषद सदस्य मंजू देवी के प्रतिनिधि गणेश यादव ने बारी बारी से अपने अपने जिला परिषद क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। सभी ने बीडीओ सीआर इंदवार एवं सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो से स्पष्ट तौर पर कहा कि विकास के मामले में कोताही बर्दास्त नही होगी। सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति को मिले , इसका ख्याल रखना होगा। किसी भी तरह की दलाली गिरी एवं बिचौलियागिरी की छूट नही दी जा सकती। जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव ने कहा कि प्रखंड एवं अंचल में लोग दूर दूर से अपनी समस्याओं को लेकर आते हैं। उनके समस्या का समाधान त्वरित गति से होनी चाहिए। पीड़ित व्यक्ति को प्राथमिकता के आधार पर काम हो, इसका भी ध्यान रखना होगा। जमीन सबंधी विवाद का निपटारा नियम संगत हो। जीप सदस्या प्रीति कुमारी ने कहा कि वृधावस्था एवं विधवा पेंशन के लिए शिविर लगाकर लिए गए आवेदन पर त्वरित कार्रवाई कर प्राथमिकता के आधार पर उन्हें पेंशन उपलब्ध कराया जाना चाहिए। जीप प्रतिनिधि गणेश यादव एवं गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि बरही के विकास में प्रशासन एवं जन प्रतिनिधियों में समन्वय जरूरी है।

## वन विभाग की टीम ने खैरा की लकड़ी से लदा पिकअप किया जब्त

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



जब्त पिकअप के साथ वन विभाग की टीम

बरही वन विभाग की पुलिस ने मंगलवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए। बेलादोहर से लकड़ी से लदा पिकअप जब्त किया है। जब्त पिकअप में कीमती लकड़ी भरी हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप संख्या जेएच 10 एएम 6311 मालवाहक पिकअप में खैरा लकड़ी को लोडकर बरही के रास्ते कोडरमा भेजने की तैयारी थी। इस बात की सूचना मिलते ही बरही वन विभाग की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लकड़ी से लदा पिकअप को जब्त कर लिया। हालांकि चालक मौके पर से भागने में सफल रहा। वहीं मौके पर मौजूद वनपाल आनंद कुमार सिंह ने बताया की खैरा पेड़ का इस्तेमाल औषधि बनाने से लेकर पान और पान मसाला में उपयोग किए जाने वाले कत्था, चमड़ा उद्योग में इसे चमकाने के लिए किया जाता है। छापेमारी दल में वनरक्षी दीपक यादव, अमर आनंद सरस्वती, वीरेंद्र कुमार, राजेंद्र कुमार, संतोष रजक, नाजिर हुसैन एवं देवचन्द महतो शामिल है।

## श्रीनगर में 24 घंटे अखण्ड हरि कीर्तन का हुआ समापन, पूर्व विधायक हुए शामिल

### हरिकीर्तन से गांव में भक्ति का संचार होता, क्षेत्र में खुशहाली बना रहता है : मनोज यादव

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



अखण्ड हरि कीर्तन में शामिल पूर्व विधायक एवं अन्य

बरसोत पंचायत के श्रीनगर गांव में 24 घंटे का अखण्ड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया। गाँव की खुशहाली व शांति की कामना के साथ ग्रामीणों ने भक्ति भाव से पूजा पाठ किया । अखण्ड हरि कीर्तन में बतौर मुख्य अतिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव शामिल होकर हरि कीर्तन की। पूर्व विधायक ने कहा कि हरिकीर्तन से पूरे गाँव सहित आसपास के इलाके में भक्ति का संचार होता है। क्षेत्र में खुशहाली बना रहता है। मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष किसुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, राष्ट्रीय यादव सेना महासचिव संजय यादव, वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णमोहन यादव, महादेव यादव ,संतोष यादव ,पप्पु यादव ,प्रवीण यादव आयोजन समिति अध्यक्ष महादेव यादव कोषाध्यक्ष, कृष्णा यादव, प्रवीण यादव, बासुदेव यादव, इंद्रदेव यादव,पप्पू यादव, मनोज यादव, सिकन्दर यादव, युगेश्वर यादव,अर्जुन यादव, शिवकुमार ,यादव ,दिनेश यादव मनोज यादव एवं गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे।







डेस्क प्रभारी: विकाश कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- सोनू पंडित मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## बिजली चोरी के मामले में छह पर प्राथमिकी दर्ज

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



सोमवार को राजस्व संग्रहण एवं विद्युत संबंध विच्छेदन अभियान चलाया गया। जिसमे सहायक विद्युत अभियंता सौरव लिंडा, हरिद्वार कुमार, महबूबा आलम सहायक बरही सहित अन्य लोग मौजूद थे। जहां बरही हजारीबाग रोड एवं गया रोड में चेकिंग अभियान चलाया गया। जहां बिजली चोरी करने के मामले में छह व्यक्तियों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमे संतोष गुप्ता पिता स्व दुर्गा साव शांति नगर निवासी, नारायण महतो पिता स्व प्रयाग महतो शांति नगर बरही, राजेश्वर महतो पिता चिंतामन महतो शांति नगर बरही, प्रकाश महतो पिता जीतन महतो शांति नगर भामाशाह, बीरेंद्र कुमार ठाकुर पिता स्व बासुदेव ठाकुर कलाली रोड बरही एवं मनोज कुमार गुप्ता पिता शिवनाथ साव कलाली रोड नियर रेलवे स्टेशन शामिल है।

## संजय मेहता को पद्म श्री ने किया सम्मानित

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




संजय मेहता को दुबई मॉडल यूनाइटेड नेशन कon्फ्रेंस में चुने जाने एवं सामाजिक क्षेत्रों में बेहतर योगदान के लिए राँची में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें पद्म श्री छूटनी महतो के हाथों प्रदान किया गया. राँची के प्रतिष्ठित संस्थान उड़ान आईएएस एकेडमी की ओर से आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में यह सम्मान उन्हें दिया गया. इस दौरान उन्होंने सातवीं से दसवीं जेपीएससी में सफल अभ्यर्थियों के समक्ष अपने विचार भी रखे और उन्हें शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में अतिथियों के द्वारा इनके कार्यों की काफी सराहना की गई एवं यूना. इटेड नेशन कon्फ्रेंस में चयन होने पर शुभकामनाएं भी दी गई। संजय मेहता का चयन दुबई में यूनाइटेड नेशन कॉन्फ्रेंस के लिए किया गया है जहाँ वो विश्व के 150 देशों के प्रति. निधियों के साथ 16 से 19 सितंबर तक यूनाइटेड नेशन के ग्लोबल एजेंडा एवं वैश्विक लक्ष्यों के बिंदुओं पर चर्चा- परिचर्चा करेंगे और साथ ही भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। संजय मेहता को इससे पूर्व भी समाजिक क्षेत्रों में बेहतर कार्य के लिए सम्मानित किया जा चुका है। हाल ही में संजय मेहता को मुंबई में युथ आइकon ऑफ झारखंड के अवार्ड से नवाज़ा गया था।

## बरही पुलिस ने बालू से लदा ट्रक किया जब्त, चालक को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**



बरही पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को रसोइया धमना मोड़ के नजदीक बालू से लदा ट्रक को जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बरही पुलिस को गुप्त सूचना मिली की गौरियाकरमा एवं निचितपुर के पश्चिम नदी से अवैध रूप से बालू ट्रक में लोडकर बिहार ले जाया जा रहा है। उक्त सूचना के आलोक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पु0नि0 सह थाना प्रभारी ललित कुमार सहित थाना के अन्य सशस्त्र बल के साथ संयुक्त रूप से छापामारी कर चौदह चक्का ट्रक जिसका संख्या बीआर02जीबी 1610 को रसोइयाधमना मोड़ के पास से जब्त किया गया एवं ट्रक चालक को प्रदीप कुमार पिता सुखदेव यादव ग्राम मंजूरा थाना मोहनपुर जिला गया बिहार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस संबंध में दंडाधिकारी सुरेश कुमार उम्र 59 वर्ष पिता स्व मोती राम, राजस्व उप. निरीक्षक, बरही हजारीबाग द्वारा प्राप्त आवेदन पर बरही थाना में कांड संख्या 29/22 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। छापेमारी दल में दंडाधिकारी सुरेश कुमार, बरही थाना प्रभारी ललित कुमार, महेंद्र बैठा, अरविंद कुमार मिश्रा सहित बरही थाना के अन्य सशस्त्र बल शामिल थे।

## प्रखंड मुख्यालय में पंचायत समिति सदस्यों की हुई बैठक

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



चलकुशा -प्रखड मुख्यालय सभागार में प्रमुख नीतू देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से जिप सदस्य सविता सिंह प्रखंड विकास पदाधिकारी समरेश प्रसाद भंडारी अंचल अधिकारी शशिकांत सिंकर खाद आपूर्ति पदाधिकारी कारू राम शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य रूप से सभी पंचायत समिति सदस्यों ने बारी बारी से अपने अपने पंचायत की समस्या को रखा जिसमें मुख्य समस्या चलकुशा प्रखंड को सुखाड़ घोषित करने की बात कही गई एवं मृत्यु प्रमाण पत्र मतदाता पहचान पत्र से पेंशन बनाने, बिजली, पानी ,अस्पताल में मुख्य रूप से दवा उपलब्ध कराना वही सविता सिंह ने प्रखंड में एंबुलेंस सेवा बहाल कराने कि बात कही जिसके बाद अन्य मुद्दों पर चर्चा किया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सह मुखिया सुखदेव यादव उपप्रमुख शमशेर अंसारी पंचायत समिति सदस्य बाबू लाल यादव, उमेश ठाकुर ,उदित राम ,गायत्री देवी, शंकर साव, शमीम अंसारी ,उमेश साव, दीपू चौधरी, अब्दुल हलीम अंसारी, विकास कुमार, शैलेश रंजन, सत्येंद्र दास, गणेश प्रजापति पूरन पासवान, राजेश कुमार, कोलेश्वर यादव, महेश कुमार, अफजल अली, इत्यादि लोग शामिल थे।

## एबीवीपी ने हाई स्कूल खपरियावां में किया पौधारोपण

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हजारीबाग जिला इकाई के द्वारा प्लस टू हाई स्कूल खपरियावा में वृक्षारोपण किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित जिला संयोजक सोनू राय ने कहा कि वृक्ष के बिना इंसान का जीवन अधूरा है वृक्ष से ही हमें शुद्ध हवा मिलती है पर्यावरण को बचाने के लिए हमें ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करने की आवश्यकता है जिला सहसंयोजक मनदीप यादव ने कहा कि जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों में वृक्षारोपण का कार्यक्रम अभाविप कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है मौके पर वृक्षारोपण में उपस्थित शिक्षक मो. नसीम अहमद, गीता कुमारी, रामधनी कुमार, आफताब आलम प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस राज गुप्ता नगर सह मंत्री प्रभात कुमार संतोष यादव, विवेक यादव, राहुल यादव, विक्की कुशवाहा, अनीश, दीपक आदि कार्यकर्ता मौजूद थे

## चंदवारा प्रखंड मुखिया संघ का गठन

### श्यामदेव यादव बने अध्यक्ष व सरयू प्रसाद वर्मा बने उपाध्यक्ष

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**



नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष श्यामदेव यादव



नवनिर्वाचित प्रखंड उपाध्यक्ष सरयू प्रसाद वर्मा

चंदवारा प्रखंड सभागार में मंगलवार को मुखिया संघ का चुनाव किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख मंजू देवी उपस्थित रही। चुनाव में सर्वसहमति से प्रखंड अध्यक्ष कांको मुखिया श्यामदेव यादव, उपाध्यक्ष बड़की धमराय मुखिया सरजू प्रसाद वर्मा, सचिव आरागारो मुखिया सुमा देवी, कोषाध्यक्ष चंदवारा पश्चिमी मुखिया संतोष कुमार कुशवाहा को चयन किया गया। इस दौरान पंचायत का विकास तेजी से हो, इस पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख मंजू देवी ने मुखिया संघ के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारी को बधाई दी व कहा कि पंचायत के विकास में आप सभी का योगदान आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रखंड का सर्वांगीण विकास के लिए सभी को एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता है। प्रखंड अध्यक्ष श्यामदेव यादव ने कहा कि जनता के हित में मुखिया संघ काम करेगा। उन्होंने कहा कि मिल-जुलकर पूरे प्रखंड में विकास को गति दी जाएगी। विकास में बाधा आने पर सभी एकजुट होकर उसका निदान करेंगे। कोषाध्यक्ष संतोष कुमार कुशवाहा ने कहा कि प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में संघ सुचारू पूर्वक अपना काम करेगा। मुखिया लोगों के हक की लड़ाई में संघ तत्पर रहेगा। मौके पर मुखिया पुष्पा देवी, कल्याणी देवी, मनोज पासवान, अनिता देवी, कोयल देवी, मीना देवी, दुलारी देवी, सरस्वती देवी, रामदेव यादव, बीरेंद्र यादव, असगर अंसारी आदि मौजूद थे। इधर प्रखंड मुखिया संघ के गठन पर सभी पदाधिकारियों को चंदवारा के समाजसेवियों ने बधाई दी है। बधाई देने वालों में चंदवारा पूर्वी जिप सदस्य महादेव राम, पश्चिमी जिप सदस्य नीतू यादव, बरही विधायक प्रतिनिधि राज. कुमार यादव, अज्जू सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि विजय मोदी, पूर्व मुखिया महेंद्र यादव, रामप्रसाद यादव, रामलखन यादव, पूर्व जिप प्रतिनिधि अशोक सिंह, मुंशी यादव, पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, युवा नेता कृष्णा यादव, मो अनवर, समाजसेवी टूकलाल दास, किशोर दास आदि का नाम शामिल है।




APEM LIVE

सच का साथी

अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

# नशा मुक्ति अभियान पर सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में वेबिनार का आयोजन

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**




सुभाष शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय गिरिडीह में आज दिनांक 19 जूलाई,2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई वन के तत्वधान में युवा नशा मुक्ति अभियान पर युवाओं में नशे की लत पर जागरूकता विषय पर अ०नलाइन वेबीनार हुई। वेबीनार में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो संजीव कुमार सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। वेबिनार में केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर जी ने सभी को नशा मुक्ति की मुहिम चलाने का संकल्प दिलाया तथा अपने निजी अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कैसे उन्होंने नशे के कारण अपना बेटा 25 वर्ष की आयु में खोया है। तभी उन्होंने संकल्प लिया कि भविष्य में कोई पिता माता या पत्नी अपने बच्चों को नशे के कारण न खोए। तभी उन्होंने नशा मुक्त अभियान चलाया और इसके साथ उन्होंने यह आवाहन किया की इसमें अधिक से अधिक युवाओं को जोड़कर समाज को नशा मुक्त करना है ष्कार्यक्रम नशा मुक्त समाज अभियान आंदोलन कौशल का ष्पर कार्यक्रम संयोजक श्री अक्षय कांत जी ने कहा कि युवा पीढ़ी अपने उद्देश्य से भटक कर शराब और अन्य प्रकार के नशे को अपने जीवन शैली का अंग बना रहे हैं इससे उनके परिवार में संस्कार खत्म हो रही है तथा महाविद्यालय के निदेशक सह चेयरमैन श्री संजय कुमार सिंह ने कहा कि नशा मुक्त अभियान को और अधिक लोगों तक पहुंचाने का प्रयास करें एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनुज कुमार ने कहा कि कैसे अपने परिवार में अपने बच्चों को बचपन से ही मूल्यों पर आधारित जीवन से जोड़कर उनके समक्ष आदर्श प्रस्तुत करें कि नशा हमारे परिवार समाज और देश सभी को कैसे बर्बादी की और ले जा रही है इस नशा मुक्त अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ना है तथा इस वेबीनार में धन्यवाद ज्ञापन प्रो कौशल राज के द्वारा किया गया इस वेबीनार को सफल बनाने में प्रो ओमप्रकाश कुमार राय प्रो राजकिशोर प्रसाद प्रोधर्मेंद्र मंडल प्रोपोरस कुमार प्रो बृजमोहन कुमार प्रो शोमा सूत्रधार, राजेश, उदय, बबिता,अंजली इत्यादि का अहम योगदान रहा!

# गावां बीडीओ ने बीएलओ के साथ किया बैठक, दिए कई निर्देश

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी महेंद्र दास की अध्यक्षता में एक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया है। बैठक में मतदाता सूची में चल रहे सफेद फोटो को हटाकर रंगीन फोटो लगाने पर चर्चा की गई। उक्त संबंध में श्री दास ने बताया कि जिला अधिकारी के निर्देश पर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में मतदाता सूची से सफेद फोटो हटाकर नया रंगीन फोटो लगाने का निर्देश दिया गया था, उसी पर समीक्षा की गई। साथ ही सभी बीएलओ को जल्द ही मतदाता सूची को सुधार करने का भी निर्देश दिया गया। सभी बीएलओ को बूस्टर डोज में गति लाने का भी निर्देश दिया गया ताकि सभी लोगों तक बूस्टर डोज पहुंच सके और जल्द से जल्द प्रखंड के सभी लोग बूस्टर डोज ले सके। उन्होंने प्रखंड के सभी लोगों से वैक्सीन लेने की अपील की और कहा कि प्रखंड मुख्यालय परिसर में भी मंगलवार और शुक्रवार को वैक्सीन का कैंप लगेगा। अतः सभी उक्त दिनों में भी आकर वैक्सीन ले सकते हैं। मौके पर प्रखण्ड पंचायती राज अधिकारी संजय कुमार, पंचायत सचिव विनोद राय, प्रभु हाजरा, राजेंद्र पंडित, बीएलओ पंकज सिंह, अजय कुमार, अनिरुद्ध शर्मा ,निरंजन सिंह, दिनेश्वर यादव आदि सभी बीएलओ उपस्थित थे।





# गिरिडीह को सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर बैठक

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**बजरंगी महतो**



गिरिडीह सदर प्रखंड के चंदली गांव में स्थानीय लोगों के साथ भाकपा माले की एक बैठक में सुखाड़ की स्थिति पर चर्चा की गई। साथ ही, सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने का आंदोलन तेज करने के लिए झारखंड ग्रामीण मजदूर सभा का सदस्यता अभियान चलाए जाने पर भी जोर दिया गया। यहां बैठक की अगुवाई करते हुए लोगन सोरेन तथा मंगल किस्कू ने कहा कि, अभी तक पर्याप्त बारिश नहीं होने के कारण सुखाड़ की स्थिति भयावह रूप लेती जा रही है। इस सुखाड़ से गरीब किसान-मजदूरों के सामने बड़ी मुसीबत खड़ी हो गई है। यदि शीघ्र ही राहत उपलब्ध नहीं कराया गया तो परेशानी और बढ़ेगी। इसलिए अब तक की स्थिति के आधार पर गिरिडीह जिले को तुरंत सुखाड़ क्षेत्र घोषित करने की मांग को लेकर आगामी 21 जुलाई को प्रखंड स्तर पर धरना कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मौजूद भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहा कि, इस बार बारिश ने लोगों को निराश किया है। इससे किसानों के साथ-साथ ग्रामीण मजदूर जिन्हें खेती के मौसम में स्थानीय स्तर पर आसानी से रोजगार उपलब्ध हो जाता था, वे भी बेकार बैठे हैं। उन्होंने सरकार से तुरंत ही गिरिडीह जिले को सुखाड़ ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर राहत वितरण का कार्य शुरु करना चाहिए। साथ ही, गरीबों के बकाया बिजली बिल और महिला समूहों द्वारा लिए गए ऋण को भी सरकार को पूरी तरह माफ कर देना चाहिए। बैठक में अन्य लोगों के अलावा मुख्य रुप से लोगन सोरेन, मंगल किस्कू, दशरथ किस्कू, कन्हैया सिंह, देवीलाल हेंब्रम, चौड़े टुडू, युगल टुडू, जिशु टुडू, कटिलाल टुडू, लखन टुडू, भोंडा किस्कू, सावना मुर्मू, सोमरा किस्कू, सोखा मरांडी, सुरजमुनी मरांडी, छोटकी देवी, गुडमी हेंब्रम, छोटकी देवी, मंगरा टुडू आदि मौजूद थे।






सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल मे सफल परीक्षार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह सह कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया। जिसमें मैट्रिक के कुल 300 विद्यार्थियों एवं इंटर के 400 विद्यार्थियों को मेडल शील्ड देकर एवं शॉल ओढ़ाकर के सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि चाणक्य अकैडमी के झारखंड प्रभारी विनय मिश्रा ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में चाणक्य अकैडमी पूरे देश में विशेष स्थान प्राप्त है । विद्यार्थियों के बेहतर शिक्षा के लिए चाणक्य अकैडमी हमेशा तत्पर है वही सेवानिवृत्त डीटीएम अनवर हुसैन ने बड़कागांव क्षेत्र से शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले लोगों के विस्तार रूप से जानकारी दी, कहा कि बड़कागांव शिक्षा के क्षेत्र में धनी क्षेत्र कहा जाता है यहां से कई विशिष्ट लोग बड़का गांव का नाम रोशन किए हैं। हमें अपने बच्चों को उनके मार्गदर्शन पर आगे ले जाने की आवश्यकता है। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि चाणक्य आईएएस एकेडमी के विनय मिश्रा ,रीमा मिश्रा, डॉ अनवर हुसैन, जिला परिषद सदस्य यासमीन निशा, मोहन कुमार, सुभाष कुमार ,अवधेश कुमार, मध्य मध्य जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी प्रमुख प्रति. निधि हेमंत भुइयां, सांड पंचायत मुखिया प्रतिनिधि भीखन महतो, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उपेंद्र कुमार ,तलवार पंचायत समिति मेघा कुमारी , पश्चिमी पंचायत समिति सदस्य उर्मिला कुमारी , चंदौल पंचायत समिति प्रतिनिधि सुरेश चौधरी , चेपाकला पंचायत मुखिया अनिकेत नायक, मोहम्मद अली ,मॉडर्न पब्लिक स्कूल के प्राचार्य इब्राहिम , शिक्षक कुलदीप , पप्पू ,सुमित , कन्हैया , रोशन , संगीता , मंजू , पवन , प्रीति , ब्यूटी , अजमत , अंजलि , सुमन , प्रीति ,अमित कुमार ,देवनाथ कुमार, अवध कुमार ,अवधेश कुमार, मोहम्मद रागिब ,रंजीत , नईम, जावेद के अलावा कई लोग कार्यक्रम में शामिल थे।

## मध्य पंचायत में सोना सोबरण ग्राम योजना के तहत साड़ी ,धोती एवं लूंगी का वितरण किया गया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव मध्य पंचायत स्थित पंचायत सचिवालय में सोना सोबरन योजना के अंतर्गत मुखिया तकरीमुल्लाह खान की अध्यक्षता एवं पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर के संचालन में धोती, साड़ी एवं लूंगी का वितरण कार्ड धारियों के बीच की गई। कार्यक्रम में उपस्थित बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन मुखिया तकरीमुउल्ला खान, पंचायत समिति सदस्य रितेश ठाकुर, उप मुखिया अमर कुमार राणा एवं विशिष्ट लोगों के हा. थों लाभुकों को साड़ी धोती एवं लूंगी वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । पंचायत भवन में डीलरों के द्वारा कुल 39 कार्ड धारियों को वस्त्र दिया गया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रवि रंजन, मुखिया मोहम्मद तकरीमुल्लाह, पंचायत समिति सदस्य रितेश कुमार ठाकुर, उपमुखिया अमर कुमार राणा, वार्ड सदस्य शरवरी खातून, मुस्कान परवीन, लीला देवी, सविता देवी और गणेश राम, जन वितरण प्रणाली दुकानदार रामेश्वर राम, जयप्रकाश राम, रवि कुमार, तुलसी महतो, मो. हम्मद हलिम, मजहर मलिक और संजय कुमार के अलावा दर्जनों ग्रामीण उपस्थित थे।

## पंदनवा टाण्ड़ मे हाथी ने घर को ध्वस्त किया लोगों ने भागकर जान बचाई मुआवजे की मांग





**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव प्रखंड के चेपाकला पंचायत के पंदनवा टाण्ड़ टोला में बीते रात को 1 बजे इकलौते हाथी ने 3 घरों में भारी क्षति पहुंचाई है । यह दौरान घर पर सोए हुए लोग ने घर से भागकर अपनी जान बचाई । गिरधारी गांझू, नागेश्वर गंझु, बालेश्वर गंझू ,और हुदुवा के रूपलाल तुरी के घर को तोड़ कर चावल, धान, और रखा समान हाथी चट कर गए। घटना की जानकारी मिलते ही मुखिया अनिकेत कुमार नायक, पंचायत समिति सदस्य कृष्ण राम ने घटनास्थल पर पहुंच कर हालात का जायजा लिया । इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने वन विभाग को जानकारी देते हुए पीड़ित परिवार के लिए की मांग की है ।

APEM LIVE

## गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक तथ्य निहित है साध्वी : अमृता भारती





**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**

हजारीबाग : आज दिनांक 19 जुलाई 2022 दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के द्वारा शगुन वाटिका शादी घर चानो रोड हजारीबाग में श्री गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया गया। श्री गुरु महाराज जी के पूजन तथा वेद मंत्रों के उच्चारण से प्रारंभ हुआ । इस मौके पर श्री आशुतोष महाराज जी का शिष्या साध्वी अमृता भारती जी ने कहा कि श्री महाराज जी हमेशा कहा करते हैं कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव में आध्यात्मिक एवं वैज्ञानिक तथ्य निहित है और आत्मा उत्थान के लिए हर शिष्य को इसे जानना अति अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म में गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है क्योंकि शताब्दियों पूर्व, आषाढ़ शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को महर्षि वेद व्यास जी का अवतरण हुआ था। वही वेद व्यास जी, जिन्होंने वैदिक ऋचाओं का संकलन कर चार वेदों के रूप में वर्गीकरण किया था। 18 पुराणों, 18 उप-पुराणों, उपनिषदों, ब्रह्मसूत्र, महाभारत आदि अतुलनीय ग्रंथों को लेखनीबद्ध करने का श्रेय भी इन्हें ही जाता है। ऐसे महान गुरुदेव के ज्ञान-सूर्य की रश्मियों में जिन शिष्यों ने स्नान किया, वे अपने गुरुदेव का पूजन किए बिना न रह सके। इसलिए शिष्यों ने उनके अवतरण के मंगलमय एवं पुण्य दिवस को पूजन का दिन चुना। यही कारण है कि गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। तब से लेकर आज तक हर शिष्य अपने गुरुदेव का पूजन-वंदन इसी शुभ दिवस पर करता है। गुरु पूर्णिमा और प्राचीन गुरुकुल गुरुकुल का वर्धन और फैलाव! प्राचीन काल में गुरु पूर्णिमा का दिन एक विशेष दिन के रूप में मनाया जाता था। इस दिन केवल उत्सव नहीं, महोत्सव होता था। वे गुरु-चरणों में बैठकर प्रण लेते थे- 'गुरुवर, आपके सान्निध्य में रहकर, आपकी कृपा से हमने जो ज्ञान अर्जित किया है, उसे लोक-हित और कल्याण के लिए लगाएँगे।' अपने गुरुदेव को यह दक्षिणा देकर छात्र विश्व-प्रांगण में यानी अपने कार्य-क्षेत्र में उतरते थे। अतः प्राचीन काल में गुरु-पूर्णिमा के दिन गुरुकुलों में गुरु का कुल (अर्थात शिष्यगण) बढ़ता भी था और विश्व में फैलता भी था। गुरु पूर्णिमा और वैज्ञानि. कता साधक की आत्म-उन्नति का दिन! वैज्ञानिक भी आषाढ़ पूर्णिमा की महत्ता को अब समझ चुके हैं। 'विस्डम ऑफ ईस्ट' पुस्तक के लेखक आर्थर चार्ल्स स्टोक लिखते हैं- जैसे भारत द्वारा खोज किए गए शून्य, छंद, व्याकरण आदि की महिमा अब पूरा विश्व गाता है, उसी प्रकार भारत द्वारा उजागर की गई सद्गुरु की महिमा को भी एक दिन पूरा विश्व जानेगा। यह भी जानेगा कि अपने महान गुरु की पूजा के लिए उन्होंने आषाढ़ पूर्णिमा का दिन ही क्यों चुना? ऐसा क्या खास है इस दिन में? स्टोक ने आषाढ़ पूर्णिमा को लेकर कई अध्ययन व शोध किए। इन सब प्रयोगों के आधार पर उन्होंने कहा- 'वर्ष भर में अनेकों पूर्णिमाएँ आती हैं- शरद पूर्णिमा, कार्तिक पूर्णिमा, वैशाख पूर्णिमा... आ. द।महात्मा बुद्ध ने अपना पहला उपदेश आषाढ़ पूर्णिमा के दिन निरंजना नदी के तट पर अपने 5 परिव्राजको को दिया था बौद्ध संप्रदाय की मौलिक शिक्षाएं चार आर्य सत्य व अष्टांगिक मार्ग इसी दिन अस्तित्व में आए। पर आषाढ़ पूर्णिमा भक्ति व ज्ञान के पथ पर चल रहे साधकों के लिए एक विशेष महत्त्व रखती है। इस दिन आकाश में अल्ट्राव०यलेट रेडिएशन (पराबैंगनी विकिरण) फैल जाती हैं। इस कारण व्यक्ति का शरीर व मन एक विशेष स्थिति में आ जाता है। उसकी भूख, नींद व मन का बिखराव कम हो जाता है।' अतः यह स्थिति साधक के लिए बेहद लाभदायक है। वह इसका लाभ उठाकर अधिक-से-अधिक ध्यान-साधना कर सकता है। कहने का भाव कि आत्म-उत्थान व कल्याण के लिए गुरु पूर्णिमा का दिन वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी अति उत्तम है। स्वामी कुंदनानंद के द्वारा भी प्रवचन किया गया। उषा भारती सुमति भारती एवं पवन कुमार के द्वारा भजन किया गया। स्वामी धनजयानंद, के द्वारा कार्यक्रम का संयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता सुदेश कुमार चंद्रवंशी, प्रोफेसर जटाधर दुबे, नंदकिशोर प्रसाद,डा० बी के सिंह, ब्रज किशोर मिश्रा,अनिल कुमार सिंह, गंगाधर महतो,जगद. ीश प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, मुरारी मोहन पांडे, विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, अंजना देवी,राम रतन प्रसाद, नीलम सिन्हा, संतोष प्रसाद केसरी,भाजपा नेता टुन्नु गोप, विजया सिंह, ममता चंद्रवंशी, झानू देवी, शकुंतला देवी, सुलेखा देवी,शशि वर्मा, अनीता मिश्रा, माया देवी, अंशु देवी, आदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे। भंडारा का भी आयोजन हुआ, गांव ज्ञान दीक्षा का भी कार्यक्रम हुआ जिसमें दर्जनों लोग दीक्षा लिए।जिसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए।

## झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने बड़कागांव का दौरा किया

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



बड़कागांव : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय सचिव संजीव कुमार बेदिया को केरेडारी जाने के क्रम में बड़कागांव मुख्य चौक पर कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बड़कागांव की समस्याओं से अवगत कराया गया। संजीव बेदिया ने हर संभव समस्याओं का निदान करने का आश्वासन दिया। मौके पर मुख्य रूप से प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, पूर्व प्रखंड सचिव नंदकिशोर भुइयां, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, रफीक हुसैन, बसंत ठाकुर, वाहिद मियां, दिलीप भुइयां इत्यादि लोग उपस्थित थे।

